CNEWS सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-100
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

जिंदगी में जितना शांत रहोगे...
अपने आपको हमेशा उतना ही मजबूत पाओगे...

बिहार सिटी चीफ

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, सोमवार 15 जुलाई 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

अनंत अंबानी की शादी को लेकर बोले केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी

पैसे की बर्बादी, शान-शौकत के लिए करोड़ों रुपये झोंक दिया, गरीबों के लिए मुकेश अंबानी कुछ करते तो अच्छा होता

चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ |

जहानाबाद, रिलायंस के मालिक मुकेश अंबानी के बेटे की शादी को लेकर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बड़ा बयान दिया है। कहा कि मुकेश अंबानी की शादी में पैसे की बर्बादी की गयी है। शान शौकत के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह झोंक दिया गया यदि मुकेश अंबानी गरीबों के लिए कुछ करते उनके उत्थान के लिए कुछ करते तो बेहतर होता।

जहानाबाद में मीडिया कर्मियों ने जब पूछा की मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में क्यों नहीं गये? मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि हम बहुत छोटे तबके के लोग में से हैं..जिस संस्कृति में वहां स्वागत हुआ बारात थी हमको ऐसा लगा कि फूहड़ ड्रेस में लोग उस शादी में थे.. सारा अंग हम देख रहे थे..वैसे में हम अपनी बहू-बेटी को कैसे ले जाते.. केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आगे कहा कि जिस प्रकार से मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में लोग सूट और पैंट पहनकर कमर हिलाते और नाचते दिख रहे थे वहां जाकर हम करते क्या? वहां जाना मेरे लिए ठीक नहीं था इसलिए नहीं गये लेकिन मुकेश अंबानी को न्योता भिजवा दिये हैं उन्होंने आगे कहा कि जाना इसलिए हमने उचित नहीं समझा क्योंकि उस भव्यता में अमीरी के प्रदर्शन में हम एडस्ट नहीं कर पाते। हमको निमंत्रण मिला था हम नहीं गये हमने सोचा कि जितना ठाठ बांट और आधुनिकता से वो लोग काम करते हैं और हमलोग गांव के आदमी हैं। हम लोग उस भव्यता में कही छिप ना जाएं इसलिए मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में नहीं गये। अनंत अंबानी की शादी में धन का प्रदर्शन खूब किया गया है। यदि यह प्रदर्शन गरीबों के उत्थान के लिए किया जाता तो बहुत अच्छा होता। मुकेश अंबानी ने अपनी शान शौकत के लिए लाखों करोड़ों रुपये झोंक दिया। मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में 12 जुलाई को देश के सबसे बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे शाही शादी हुई। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट शादी के बंधन में बंध गये। इस शादी समारोह में देश और विदेश

के कई शामिल हुए। 13 जुलाई को वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए अंबानी परिवार ने एक स्पेशल इवेंट शुभ आशीर्वाद का ऑर्गेनाइज किया था। जिसमें पीएम मोदी भी शामिल हुए और वर-वधू को आशीर्वाद दिया और आज रिसेप्शन पार्टी है। आज भी कई वीवीआईपी इस शादी में शामिल होंगे।

शादी में शामिल होने वाले गेस्ट ने अनंत अंबानी और राधिका को कीमती उपहार भेंट किया। वही अनंत अंबानी ने भी अपने दोस्तों को रिटर्न गिफ्ट दिया। रिटर्न गिफ्ट की कीमत 2, करोड़ 8 लाख 79 हजार रूपये है। अनंत अंबानी ने अपने दोस्तों को खास तोहफा दिया है। अनंत ने ऑडेमर्स पिगुएट प्रीमियर लिमिटेड एडिशन की 25 घड़ियां ऑर्डर करके बनवाई थी। एक घड़ी की कीमत 2 लाख 50 हजार अमेरिकी डॉलर है। इस घड़ी की इंडियन करैंसी में कीमत 2 करोड़ 8 लाख 79 हजार रुपये है।

13 जुलाई को शुभ आशीर्वाद फंक्शन में बॉलीवुड, हॉलीवुड सेलेब्स, राजनेता, कथावाचक, धर्मगुरु, उद्योगपति सहित कई वीवीआईपी अनंत और राधिका को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शुभ आशीर्वाद कार्यक्रम में शामिल हुए। मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। फंक्शन में शामिल होकर पीएम मोदी ने अनंत और राधिका को आशीर्वाद दिया। पीएम मोदी को देखते ही वहां मौजूद तमाम लोग खड़े हो गये और तालियों से उनका स्वागत करने लगे। जिसके बाद वर-वधू ने पीएम मोदी का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस फंक्शन में सलमान खान, माधुरी दीक्षित,जैकी श्रॉफ,अमिताभ बच्चन, एमएस धोनी, कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर, सारा अली खान और इब्राहिम अली खान, धीरेंद्र शास्त्री, सानिया मिर्जा, आलिया भट्ट, विद्या वालन, अजय देवगन, मैरी कॉम, रश्मिका मंदाना, संजय दत्त, जैकलिन फर्नांडिस, पवन सिंह, सचिन तेंदुलकर, कमल नाथ, बाबा रामदेव, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, शंकराचार्य ऑफ ज्योतिरमठ, मां रीना पासवान के साथ चिराग पासवान, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, रजनीकांत, चंद्रबाबू नायडू, शाहरुख खान, यूनाइटेड किंगडम के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, कपिल सिब्बल,पवन कल्याण, विवेक तंखा,डीके शिवकुमार, डिंपल यादव के साथ अखिलेश यादव सहित कई वीवीआईपी मौजूद थे।

बिहार, दो दिन से लापता युवक का शव मिलने से सनसनी

पुलिस ने कब्र खोदकर निकाली लाश; हत्या का आशंका

चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ |

जमुई, जमुई में पिछले दो दिनों से घर से लापता युवक का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने युवक का शव कब्र खोदकर बाहर निकाला है। युवक की हत्या कर शव को दफनाने की आशंका जताई जा रही है। घटना झाझा थाना क्षेत्र के बलियो श्मशान घाट की है।

मृतक की पहचान सोहजना मोहल्ला के रहने वाले लोचन यादव का बेटे मिथुन कुमार के रूप में हुई है। झाझा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मिथुन की हत्या कर शव को श्मशान घाट में बालू में दफना दिया है। सूचना के बाद झाझा थानाध्यक्ष संजय सिंह और पुलिस पदाधिकारी दलबल के साथ श्मशान घाट पहुंचे और बताए गए स्थल से लगभग 5 फिट गहरे बालू के गड्ढे को खोदकर शव को बाहर निकाला। इधर, घटनास्थल पर शव को बाहर निकालने से पहले मृतक के घर पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ भी किया।परिजनों के बताए गए जगह के बाद पुलिस ने पहले श्मशान घाट पर शव की खोजबीन की लेकिन पुलिस को कुछ नही मिला,

तभी पुलिस ने सन्देह के आधार पर एक जगह बालू को हटाना शुरू किया, जहां पुलिस को शव मिला। झाझा थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि मृतक मिथुन नशेड़ी था। वह आए दिन घर के सदस्यों से मारपीट करता था। दो दिन पूर्व भी घर के सदस्यों के साथ मारपीट किया था। मृतक के नसेड़ी होने के कारण पत्नी 5 साल पूर्व ही घर छोड़कर चली गई थी। पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद घर के सभी सदस्य फरार हैं पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

एयरपोर्ट ग्राउंड में बॉयफ्रेंड के साथ बैठी लड़की के साथ हैवानियत

चार लड़कों ने कार में किया गंदा काम

चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ |

भागलपुर, भागलपुर से गैंगरेप की सनसनीखेज वारदात सामने आई है, यहां एयरपोर्ट ग्राउंड में अपने प्रेमी के साथ बैठकर बात कर रही युवती को चार बदमाशों ने घेर लिया और जबरन उठाकर कार में ले गए। कार में ले जाने के बाद चारों ने लड़की के साथ बारी-बारी रेप किया और मौके से फरार हो गए। पूरा मामला तिलकामांझी थाना क्षेत्र स्थित भागलपुर एयरपोर्ट ग्राउंड की है। जानकारी के मुताबिक युवती इसी इलाके की रहने वाली है। गुरुवार की शाम युवती अपने प्रेमी के साथ एयरपोर्ट मैदान में गई थी। एयरपोर्ट ग्राउंड में वह अपने प्रेमी के साथ बैठी थी, तभी देर शाम तीन-चार लड़के वहां पहुंचे और उसे जबरन उठाकर एक कार में ले गए। लड़की के प्रेमी ने जब इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उसका मुंह बाध दिया और बारी-बारी से लड़की के साथ रेप किया। गैंगरेप की वारदात को अंजाम देने के बाद चारों वहां से फरार हो गए। किसी तरह से लड़की अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी अपनी मां को दी। पीड़िता ने तिलकामांझी थाने में केस दर्ज कराया है और इसकी जानकारी सिटी एसपी और डीएसपी को भी दे दी है। केस दर्ज होने के बाद एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच की है। पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कराने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

SDM को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद गया सेंट्रल जेल में रेड...

3 घंटे तक चली छापेमारी

चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ |

गया, गया सेंट्रल जेल से किसी ने टेकारी के एसडीएम को जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद डीएम त्यागराजन एसएम और एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर रविवार को जेल में छापेमारी की गयी। इस दौरान जेल के विभिन्न वार्डो में 3 घंटे तक छापेमारी चली। हालांकि कि इस दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिल पाया है।

सेंट्रल जेल में छापेमारी के दौरान सिटी एसपी प्रेरणा, टाउन डीएसपी पीएन साहू, सदर एसडीओ किसलय श्रीवास्तव, एडीएम, कोतवाली थाना, सिविल लाइन थाना, रामपुर थाना, मगध मेडिकल थाना, चंदौती थाना सहित शहर के कई थानों के कॉन्स्टेबल मौजूद थे। पुलिस कर्मियों ने सभी वार्डो में गहन छापेमारी की। जिससे जेल में बंद बंदियों के बीच हड़कंप मच गया।

बता दें कि बीते दिनों सेंट्रल जेल में बंद कोंच के जिला पार्षद के पति विमलेश यादव के द्वारा टेकारी एसडीएम को जान से मारने की धमकी फोन कर जेल से दी गयी थी। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए आज गया सेंट्रल जेल में छापेमारी की गयी।

बिहार सनकी बेटे ने बूढ़ी मां को मौत के घाट उतारा

संपत्ति विवाद में हत्या की आशंका

चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ |

पूर्णिया, पूर्णिया में एक कलयुगी बेटे ने धारदार हथियार से वार कर अपनी बूढ़ी मां को मौत के घाट उतार दिया। इस दौरान आरोपी युवक ने अपने छोटे भाई और उसकी पत्नी पर भी हमला कर उन्हे घायल कर दिया। घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के इटहरी गांव की है। मृतक महिला की पहचान ईटहरी गांव निवासी परमानंद भगत की पत्नी ललिता देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह मृतका का छोटा बेटा आलोक जायसवाल अपने कमरे में सोया हुआ था, तभी उसके रूम से चिल्लाने की आवाज आई। आवाज सुनकर ललिता देवी बेटे के कमरे में पहुंची तभी आरोपी बेटे कृष्णा जायसवाल ने उसके सिर पर वार कर दिया।5 इस दौरान आरोपी ने आलोक की पत्नी को भी घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी पत्नी के साथ गांव से फरार हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कृष्णा जायसवाल बहुत दिनों से अपने ससुराल में ही रहता था और कुछ दिन पहले ही अचानक पत्नी के साथ गांव पहुंच गया और वहीं रहने लगा था। किस कारण से

इस वारदात को अंजाम दिया गया फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मृतका के शव को

छेड़खानी से तंग आकर शादीशुदा महिला ने उठा लिया बड़ा कदम

मनचले का काट डाला प्राइवेट पार्ट

चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ |

सीतामढ़ी, बिहार के सीतामढ़ी जिले में हैरान कर देने वाला मामला डुमरा थाना क्षेत्र में सामने आया है। जहां एक मनचले युवक की करतूत से परेशान महिला ने उसका प्राइवेट पार्ट काट डाला। इस घटना की खबर आग की तरह फैल गयी और देखते ही देखते पूरे गांव के लोगों को इसकी जानकारी हो गयी। इस घटना का पता चलने के बाद लोग भी हैरान हैं।यह पूरा मामला बड़हरवा गांव का है जहां छेड़खानी से तंग आकर एक महिला इतना बड़ा कदम उठा लिया। युवक को अकेले बुलाया और धारदार चाकू से उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया। जिससे युवक लहुलुहान हो गया वह किसी तरह प्राइवेट नर्सिंग होम पहुंचा जहां उसका इलाज शुरू किया गया। डॉक्टर ने युवक का सफल ऑपरेशन किया अब वो खतरे से बाहर है। इस घटना की खबर परिजनों ने पुलिस को नहीं दी। ग्रामीणों ने बताया कि जिस युवक का प्राइवेट पार्ट शादीशुदा महिला ने काटा है वो उस महिला को काफी तंग कर रहा था। उसकी हरकतों से महिला काफी परेशान थी। समझाने के बावजूद उसकी गंदी नजर महिला पर थी। शनिवार को उसे झांसा देकर महिला ने बुलाया और फिर चाकू से उसके गुप्तांग पर हमला कर काट दिया।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची डुमरा थाने की पुलिस ने युवक के परिजनों से पूछताछ की। इस संबंध में युवक के परिजनों ने पुलिस से शिकायत नहीं की है। पुलिस परिजनों के आवेदन का इंतजार कर रही है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन शुरू करेगी। फिलहाल इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। पूरे गांव में इसी घटना की चर्चा हो रही है। महिला द्वारा युवक का प्राइवेट पार्ट काटे जाने की घटना से इलाके के लोग भी हैरान है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

बिहार में दलित परिवार पर टूटा दबंगों का कहर

छोटी सी बात पर महिला और उसके पति को निर्वस्त्र कर पीटा, मुंह में किया पेशाब

चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ |

मुजफ्फरपुर, बिहार के मुजफ्फरपुर में दबंगों ने एक दलित परिवार के साथ हैवानियत की है। आपसी विवाद के बाद दबंगों ने दंपति को निर्वस्त्र कर पीटा और बाद में दलित महिला के पति के मुंह में पेशाब किया। शर्मसार कर देने वाली घटना मनियारी थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार, महादलित टोले में पड़ोसी की बेटी की शादी में बारात आनी थी। बाराती को आने में कोई कठिनाई नहीं हो, इसके लिए कीचड़ से सनी पगडंडी को सभी टोला निवासियों ने मिट्टी डालकर चलने लायक बनाया था। इसी विवाद को लेकर हमलावरों के साथ पहुंचे आरोपियों ने ब्रह्म स्थान पर बैठे पीड़ितों के साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट की और चाकू से सिर पर हमला कर दिया।

इस दौरान दबंगों ने एक दंपति को निर्वस्त्र पर बेरहमी से पीटा और बाद में उनके मुंह में पेशाब कर दिया। ग्रामीणों को आते देख सभी दबंग घर में आग लगाकर लगाकर मार देने की धमकी देने लगे और वहां से फरार हो गए। पीड़ित दंपती ने मनियारी थाने में गांव के ही दबंग बाप-बेटा को नामजद करते हुए तीन अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

थाने में केस दर्ज होने के बाद पुलिस एक्टिव हुई है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मनियारी थानेदार देवव्रत कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। अभियुक्तों पर लगे सभी आरोपों की जांच कर दोषियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जायेगी।